# आइआइएचएमआर के दीक्षा समारोह में दी गईं 105 डिग्रियां



दीक्षा समारोह में डिग्री ग्रहण करने के बाद उत्साहित छात्र • सौः संस्थान

**वि, पश्चिमी दिल्ली :** इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट आफ़ हेल्थ मैनेजमेंट रिसर्च (आइआइएचएमआर) दिल्ली का 16वां दीक्षा समारोह रैडिसन ब्लू होटल द्वारका में आयोजित हुआ। समारोह में 105 एमबीए समकक्ष पीजीडीएम स्नातकों को उपाधियां प्रदान की गईं। समारोह में आइआइएचएमआर के संस्थापक डा. अशोक अग्रवाल , निदेशक डा. सुतापा बी. नियोगी, ट्रस्टी सचिव डा. एसडी गुप्ता व डा. सुमेश कुमार शामिल रहे। अपने संबोधन में डा. अशोक अग्रवाल ने कहा आइआइएचएमआर की नींव इस विश्वास पर स्थापित है कि नेतृत्व केवल कौशल से नहीं बल्कि मूल्यों से सार्थक होता है। डा. सुतापा बी. नियोगी ने कहा कि 95 प्रतिशत से अधिक प्लेसमेंट भरोसे के साथ हमारे स्नातक स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं।